

# टीवी पर गूंजेगा 'राजा शिवाजी' का फर्स्ट लुक

सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने और डिजिटल लॉन्च के बाद, छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित आगामी भव्य फिल्म 'राजा शिवाजी' का टीज़र अब देशभर के दर्शकों के लिए आज रात नेशनल टेलीविज़न पर साझा किया जाएगा.

यह टीज़र पहली बार 'बिग बॉस मराठी' के दौरान प्रसारित होगा, जिसे रितेश विलासराव देशमुख होस्ट कर रहे हैं, जिससे यह पहले से ही लोकप्रिय टाइम स्लॉट और भी खास बन जाएगा.टीज़र की पहली झलक रात आठ बजे कलर्स मराठी पर दिखाई जाएगी, साथ ही जियोहॉटस्टार पर इसका एक साथ स्ट्रीमिंग भी होगा, जिससे हर जगह के दर्शक इस खास पल का हिस्सा बन सकेंगे.

'राजा शिवाजी' छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन को एक जीवंत विरासत के रूप में प्रस्तुत करती है. इस फिल्म का निर्देशन रितेश देशमुख ने किया है, जो इसमें मुख्य भूमिका भी निभा रहे हैं.महाराष्ट्र के विभिन्न स्थानों पर शूट की गई इस फिल्म में एक मजबूत स्टारकास्ट है, और यह उनके जीवन के महत्वपूर्ण पड़ावों के साथ-साथ उनके विचारों और आदर्शों पर भी केंद्रित है.कई लोगों के लिए यह टीज़र उस कहानी की पहली झलक है, जिसे वे बचपन से सुनते आए हैं और जो आज भी उतनी ही प्रासंगिक है.रितेश देशमुख के नेतृत्व में इस फिल्म में संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, विद्या बालन, महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, बोमन ईरानी, भाग्यश्री, फरदीन खान, जितेंद्र जोशी, अमोल गुप्ते और जेनेलिया देशमुख जैसे कलाकार शामिल हैं.जियो स्टूडियोज़ द्वारा प्रस्तुत और ज्योति देशपांडे एवं जेनेलिया देशमुख द्वारा मुंबई फिल्म कंपनी के बैनर तले निर्मित 'राजा शिवाजी' एक मई 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में मराठी, हिंदी और तेलुगु भाषाओं में रिलीज़ होगी.

## जन्मदिन पर रिलीज़ किया 'मायसा' जबरदस्त लुक!

# 30 साल की हुईं रश्मिका मंदाना

फिल्म 'मायसा' के मेकर्स ने रश्मिका मंदाना के जन्मदिन पर उनका जबरदस्त लुक रिलीज किया है. पैन-इंडिया सेंसेशन रश्मिका मंदाना स्टारर 'मायसा' 2026 की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है. अपनी वर्सटैलिटी और शानदार स्क्रीन प्रेजेंस के लिए जानी जाने वाली रश्मिका ने अपनी परफॉरमेंस से हमेशा दर्शकों को सरप्राइज किया है, और 'मायसा' भी कुछ अलग नहीं लग रही है.आज उनके जन्मदिन के मौके पर, मेकर्स ने एक कमाल का नया पोस्टर रिलीज किया है जिसमें टैलेंटेड स्टार पहले कभी न देखे गए अवतार में नजर आ रही हैं. यह मोनोक्रोम पोस्टर उनके इंटेंस लुक को कैप्चर करता है, जहाँ उनके चेहरे पर धूल और खून लगा है, जो उनकी रॉ पावर और इमोशन्स को साफ दिखाता है. यह दिलचस्प पोस्टर एक ऐसे किरदार की ओर इशारा करता है जो बोल्ड और रफ है, जिसने फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट को तुरंत बढ़ा दिया है.

पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, 'उसने अपनी चमक से राज किया... अपनी ग्रेस से दिल जीते...

अब वो आ रही है अपनी बेमिसाल रफ़्तार और गुस्से के साथ टीम समायसाकी तरफ से हमेशा की तरह स्टनिंग रश्मिका को जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएँ .तैयार हो जाइए उनकी अब तक की सबसे धमाकेदार परफॉरमेंस के लिए. 2026 में सिनेमाघरों में.

अनफॉर्मुला फिल्म्स द्वारा प्रोड्यूस और रवींद्र पुल्ले के डायरेक्शन में बनी 'मायसा' आदिवासी इलाकों पर आधारित एक इमोशनल एक्शन थ्रिलर है, जो दमदार विजुअल्स, एक दिलचस्प कहानी और रश्मिका की यादगार परफॉरमेंस का वादा करती है.





# 15 की उम्र में टूटा था भरोसा

**जाह्नवी** कपूर ने अपने हालिया इंटरव्यू में उस घटना को याद करते हुए बताया कि यह उनके स्कूल के दिनों की बात है. क्लास के दौरान कुछ छात्र मजाक के लिए एडल्ट वेबसाइट्स पर जाते थे, और उसी दौरान उन्हें पता चला कि वहां उनकी मॉर्फ्ड तस्वीरें मौजूद हैं. यह अनुभव उनके लिए बेहद चौंकाने वाला था, क्योंकि उस समय वह न तो पब्लिक फिगर थीं और न ही उन्होंने ऐसा कुछ किया था जिससे उनकी ऐसी तस्वीरें बन सकें.

उन्होंने स्वीकार किया कि उस वक्त उन्हें यह समझ ही नहीं आया कि इसके खिलाफ कैसे प्रतिक्रिया दी जाए. धीरे-धीरे उन्होंने इसे 'एक कीमत' के रूप में स्वीकार करने की कोशिश की—वह कीमत, जो पब्लिक लाइफ में आने के साथ चुकानी पड़ती है. लेकिन सच यह है कि इस तरह की घटनाएं किसी के आत्मसम्मान और मानसिक स्थिति पर गहरा असर डालती हैं. जाह्नवी ने यह भी बताया कि आज के समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जनरेटेड और डीपफेक तस्वीरें एक नया खतरा बन चुकी हैं. ये तस्वीरें इस तरह फैलती हैं जैसे कि वे असली हों, और लोगों के मन में एक झूठी छवि बना देती हैं. इसका असर सिर्फ व्यक्तिगत जीवन पर ही नहीं, बल्कि प्रोफेशनल करियर पर भी पड़ता है.

उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि अगर वह किसी रोल के लिए कुछ सीमाएं तय करना चाहें, तो लोग इन फर्जी तस्वीरों का हवाला देकर उनकी बात को कमजोर कर सकते हैं. उन्होंने यह भी खुलासा किया कि कई बार वह इस मुद्दे पर खुलकर बोलने से बचती हैं, क्योंकि उन्हें डर होता है कि लोग उन्हें ही दोषी ठहराने लगेंगे.

## टेलीविजन हलचल

# अनुपमा के फैसले से टूटा परिवार

'अनुपमा' के आने वाले एपिसोड में दर्शकों को जबरदस्त ड्रामा देखने को मिलने वाला है. कहानी उस मोड़ पर पहुंच चुकी है जहां अनुपमा को अपने उसूलों और अपने ही परिवार के बीच चुनाव करना पड़ रहा है. प्रोमो के मुताबिक, अनुपमा प्रेम और राही के रेस्त्रां का लाइसेंस रिजेक्ट कर देती है. यह वही रेस्त्रां है जिसे लेकर दोनों ने बड़े सपने देखे थे.



जैसे ही यह खबर प्रेम और राही तक पहुंचती है, दोनों का गुस्सा फूट पड़ता है. उन्हें यकीन ही नहीं होता कि उनकी अपनी मां ने ही उनके सपनों पर ताला लगा दिया. यह फैसला उनके रिश्ते में दरार डाल देता है और दोनों भावनात्मक रूप से टूट जाते हैं.

जब अनुपमा शाह निवास पहुंचती है, तो वहां का माहौल भी काफी अलग नजर आता है. तोषू इस फैसले को अपनी जीत मानता है और अनुपमा की तारीफ करता है, लेकिन लीला बा उसे उल्टा समझाने लगती हैं. वह कहती हैं कि दुनिया से लड़ना ठीक है, लेकिन अपनी ही बेटी के खिलाफ खड़ा होना सही नहीं है. अनुपमा इन सभी बातों को चुपचाप सुनती रहती है, जो उसके अंदर चल रहे संघर्ष को दर्शाता है.

इसी बीच कहानी में सबसे बड़ा ट्विस्ट तब आता है जब वसुंधरा कोठारी की एंट्री होती है. वह प्रेम और राही के साथ शाह निवास पहुंचती है और आते ही अनुपमा से सीधे सवाल करती है. वसुंधरा का गुस्सा साफ दिखता है, और वह अनुपमा से पूछती है कि आखिर उसके लिए ज्यादा अहम क्या है—उसकी जिद या उसके बच्चों की खुशियां?

वह यह भी याद दिलाती है कि प्रेम उसे अपना गुरु मानता है, और क्या एक गुरु अपने शिष्य के सपनों को इस तरह तोड़ सकता है? इन सवालों के बीच अनुपमा पूरी तरह से घिर जाती है.

# अभिषेक बच्चन ने बताया रितेश का बड़ा सपना

बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन ने कहा है कि छत्रपति शिवाजी महाराज की कहानी को पर्दे पर लाना रितेश देशमुख का हमेशा से एक सपना रहा है.

फिल्म के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'यह मेरी पहली मराठी फिल्म है. रितेश, जिन्हें मैं अपना भाई मानता हूं, लगभग 25 साल पहले लातूर में मेरी पहली मुलाकात के बाद से ही इस फिल्म का सपना देख रहे थे. मैं वहां अपनी फिल्म 'ज़मीन' की शूटिंग कर रहा था. रितेश उस समय फिल्म इंडस्ट्री में नए-नए आ रहे थे और वे अजय देवगन और मेरे साथ शूटिंग करने आए थे, और यहीं से हमारी दोस्ती शुरू हुई. उसके बाद हमने कई फिल्मों में साथ काम किया.'



जियो स्टूडियोज और मुंबई फिल्म कंपनी की फिल्म 'राजा शिवाजी' में ये दोनों अभिनेता पहली बार एक साथ नजर आएंगे. यह फिल्म अभिषेक बच्चन के लिए खास है क्योंकि यह उनकी पहली मराठी फिल्म है. इसमें वे छत्रपति शिवाजी महाराज के बड़े भाई संभाजी शाहजी राजे भोसले का किरदार निभा रहे हैं.

फिल्म का पहला टीज़र हाल ही में जारी किया गया, जिसमें बच्चन एक दमदार और विशिष्ट अंदाज में नजर आ रहे हैं. वे युद्ध के मैदान में एक योद्धा के रूप में दिखाई देते हैं और अपने भाई शिवाजी महाराज के साथ अपने रिश्ते को भी दर्शाते हैं. बचन ने बताया कि फिल्म के टीज़र को काफी पसंद किया जा रहा है और इसे अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है. उन्होंने रितेश की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह मराठी फिल्मों में सबसे बड़ी फिल्मों में से एक हो सकती है.

फिल्म में ज़बरदस्त एक्शन, शानदार दृश्य और एक सशक्त कहानी है. संगीत अजय-अतुल ने दिया है और छायांकन संतोष सिवान ने किया है.

फिल्म में संजय दत्त, विद्या बालन, महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, बोमन ईरानी, भाग्यश्री, फरदीन खान, जितेंद्र जोशी, अमोल गुप्ते, जेनेलिया देशमुख और रितेश देशमुख भी हैं.

# 'नागिन 7' में अक्षय कुमार की धमाकेदार एंट्री

नागिन 7' के नए प्रोमो ने दर्शकों के बीच जबरदस्त हलचल मचा दी है. इसमें अक्षय कुमार नाग गुरु के रूप में नजर आते हैं, जो नागिन आहना को उसके सबसे खतरनाक दुश्मन ड्रैगन से लड़ने का रास्ता दिखाते हैं. प्रोमो में



अक्षय कहते हैं कि ड्रैगन को हराना आसान नहीं है, क्योंकि उस पर किसी का बस नहीं चलता. लेकिन उसकी एक कमजोरी है—उसकी अपनी आग, जो उसकी मौत का कारण बन सकती है. नागिन आहना, जो पहले से ही मुश्किल हालात का सामना कर रही है, अपने गुरु से मार्गदर्शन मांगती है. इस पर नाग गुरु बने अक्षय उसे समझाते हैं कि इस लड़ाई को उसे खुद ही लड़ना होगा. यह संवाद न सिर्फ कहानी को गहराई देता है, बल्कि नागिन के किरदार को और मजबूत बनाता है. हालांकि, 'नागिन 7' इन दिनों अपनी गिरती टीआरपी को लेकर भी चर्चा में है. शुरुआत में शो ने अच्छी रेटिंग हासिल की थी और टॉप-10 में अपनी जगह बनाई थी, लेकिन धीरे-धीरे यह रेस से बाहर हो गया. एकता कपूर ने इस आलोचना पर सफाई देते हुए कहा था कि सीमित बजट के कारण उन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सहारा लेना पड़ा. बावजूद इसके, शो की कहानी और प्रेजेंटेशन को लेकर सवाल उठते रहे हैं.





# युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

## म.प्र. कर्मचारी चयन मंडल में आवेदन की तारीख बढ़ी

मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा वन रक्षक और जेल प्रहरी भर्ती 2026 के लिए जारी अधिसूचना में अभ्यर्थियों को बड़ी राहत देते हुए आवेदन की अंतिम तारीख बढ़ा दी गई है. अब इच्छुक उम्मीदवार 30 अप्रैल 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. पहले यह अंतिम तिथि कम थी, लेकिन अधिक उम्मीदवारों को मौका देने के उद्देश्य से इसे आगे बढ़ाया गया है.

इस भर्ती अभियान के अंतर्गत कुल 1679 पद भरे जाएंगे. इनमें वनरक्षक के 728 पद, क्षेत्र रक्षक के 169 पद, जेल प्रहरी के 757 पद और जेल अधीक्षक के 25 पद शामिल हैं. यह भर्ती प्रदेश के युवाओं के लिए सरकारी नौकरी पाने का एक शानदार अवसर लेकर आई है.

आवेदन शुल्क सामान्य वर्ग के लिए 500 रखा गया है, जबकि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए ?250 शुल्क निर्धारित किया गया है. इसके अलावा यदि आवेदन में किसी प्रकार का संशोधन करना हो तो ?20 का अतिरिक्त शुल्क देना होगा. शुल्क का भुगतान डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग या मोबाइल वॉलेट के माध्यम से किया जा सकता है.

आयु सीमा के अनुसार सामान्य पदों के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 33 वर्ष निर्धारित है, जबकि सहायक जेल अधीक्षक पद के लिए न्यूनतम आयु 21 वर्ष रखी गई है. आरक्षित वर्गों को नियमानुसार आयु में छूट भी दी जाएगी.

शैक्षणिक योग्यता की बात करें तो उम्मीदवार का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से दसवीं (हाई स्कूल) या स्नातक उत्तीर्ण होना आवश्यक है. हालांकि अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि आवेदन करने से पहले आधिकारिक अधिसूचना को ध्यान से अवश्य पढ़ लें.

चयन प्रक्रिया में अभ्यर्थियों की शॉर्टलिस्टिंग, दस्तावेज सत्यापन और चिकित्सकीय परीक्षण शामिल होंगे. परीक्षा तिथि और प्रवेश पत्र से जुड़ी जानकारी जल्द ही जारी की जाएगी.

# झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटेट) 2026

झारखंड अकादमिक काउंसिल, रांची द्वारा झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटेट) 2026 की आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी गई है. इस परीक्षा के माध्यम से राज्य में प्राथमिक (कक्षा 1 से 5) और जूनियर (कक्षा 6 से 8) स्तर के शिक्षकों की पात्रता तय की जाएगी. इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 21 अप्रैल 2026 से शुरू होगी, जबकि आवेदन करने की अंतिम तिथि 21 मई 2026 निर्धारित की गई है.

परीक्षा शुल्क की बात करें तो सामान्य, पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए एक पेपर हेतु 1300 तथा दोनों पेपर के लिए 1500 शुल्क रखा गया है. वहीं अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के उम्मीदवारों को एक पेपर के लिए ?700 और दोनों पेपर के लिए ?800 का भुगतान करना होगा. शुल्क का भुगतान डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग या मोबाइल वॉलेट के माध्यम से किया जा सकता है.

शैक्षणिक योग्यता के अनुसार, प्राथमिक स्तर के लिए अभ्यर्थियों को 12वीं (इंटरमीडिएट) में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक के साथ डिप्लोमा इन एलिमेंट्री एजुकेशन (डी.एल.एड) या समकक्ष योग्यता आवश्यक है. वहीं जूनियर स्तर के लिए अभ्यर्थियों के पास स्नातक डिग्री के साथ बी.एड या डी.एल.एड जैसी योग्यताएं होनी चाहिए. विभिन्न शैक्षणिक संयोजनों के आधार पर भी पात्रता निर्धारित की गई है, इसलिए उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि आवेदन से पहले पूरी अधिसूचना ध्यानपूर्वक पढ़ लें.

चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा, मेरिट सूची, दस्तावेज सत्यापन और अंतिम चयन शामिल रहेगा. परीक्षा तिथि और प्रवेश पत्र से जुड़ी जानकारी जल्द ही आधिकारिक वेबसाइट पर जारी की जाएगी.

अभ्यर्थियों को यह भी सलाह दी गई है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय पर आवेदन प्रक्रिया पूरी करें और सभी आवश्यक दस्तावेज पहले से तैयार रखें. किसी भी प्रकार की त्रुटि से बचने के लिए फॉर्म भरते समय सावधानी बरतना अत्यंत आवश्यक है.

जेटेट 2026 उन उम्मीदवारों के लिए एक सुनहरा अवसर है जो झारखंड राज्य में शिक्षक बनने का सपना देख रहे हैं. सही तैयारी और समय पर आवेदन से अभ्यर्थी इस अवसर का पूरा लाभ उठा सकते हैं.



## इंटरव्यू में कैसे बोलें और क्या बोलें

# सफलता दिलाने वाले जरूरी टिप्स

**आज** के प्रतिस्पर्धी दौर में सिर्फ योग्यता ही नहीं, बल्कि इंटरव्यू में आपका व्यवहार, बोलने का तरीका और आत्मविश्वास भी सफलता तय करता है. कई बार अच्छे अंक लाने वाले उम्मीदवार भी सिर्फ इंटरव्यू में सही तरीके से खुद को प्रस्तुत न कर पाने के कारण पीछे रह जाते हैं. ऐसे में जरूरी है कि इंटरव्यू के दौरान क्या बोलना है और कैसे बोलना है, इसकी सही समझ हो.

सबसे पहले, इंटरव्यू में प्रवेश करते समय आपका आत्मविश्वास साफ झलकना चाहिए. कमरे में प्रवेश करते समय हल्की मुस्कान के साथ अभिवादन करें, जैसे 'नमस्ते सर/मैडम.' यह आपकी सकारात्मक सोच और शिष्टाचार को दर्शाता है. बैठने से पहले अनुमति लेना भी जरूरी होता है, इससे आपका व्यवहार पेशेवर लगता है.

बोलते समय ध्यान रखें कि आपकी भाषा सरल, स्पष्ट और सधी हुई हो. बहुत तेज या बहुत धीमी आवाज में बात न करें. कोशिश करें कि आपकी आवाज में आत्मविश्वास झलके, लेकिन घमंड नहीं. उत्तर देते समय सीधे मुद्दे पर आएं और अनावश्यक बातें करने से बचें. यदि किसी प्रश्न का उत्तर नहीं आता है तो गलत जानकारी देने के बजाय विनम्रता से कहें कि 'इस विषय में मुझे अभी पूरी जानकारी नहीं है, लेकिन मैं सीखने के लिए तैयार हूं.'

इंटरव्यू में अक्सर पूछा जाता है 'अपने बारे में बताइए.' इस प्रश्न का उत्तर तैयार रखें. इसमें अपने नाम, शिक्षा, कौशल और अनुभव को संक्षेप में बताएं. ध्यान रखें कि आप जो भी कहें वह पद से संबंधित हो. इसी तरह 'आप इस नौकरी के लिए क्यों उपयुक्त हैं?' जैसे सवालों के जवाब में अपने क्षमताओं को आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत करें.

# एसएसबी कांस्टेबल के 827 पदों पर सुनहरा मौका




सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) द्वारा कांस्टेबल ट्रेड्समैन भर्ती 2026 के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है. इस भर्ती अभियान के तहत कुल 827 पदों पर नियुक्ति की जाएगी, जो देश सेवा का सपना देखने वाले युवाओं के लिए एक बेहतरीन अवसर है. आवेदन प्रक्रिया 21 मार्च 2026 से शुरू हो चुकी है और अभ्यर्थी 20 अप्रैल 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं.

इस भर्ती में विभिन्न ट्रेड्स के पद शामिल हैं, जिनमें ड्राइवर, दर्जी, नाई, मोची, बढ़ई, माली, वेटर, वॉशरमैन, नर्सिंग ऑर्डरली और अन्य पद शामिल हैं. सबसे अधिक पद ड्राइवर के लिए निर्धारित किए गए हैं, जिनकी संख्या 553 है. इसके अलावा अन्य ट्रेड्स में भी अलग-अलग संख्या में पद उपलब्ध हैं.आवेदन शुल्क सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 100 निर्धारित किया गया है, जबकि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और सभी महिला उम्मीदवारों के लिए आवेदन पूरी तरह निशुल्क रखा गया है. शुल्क का भुगतान डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग या मोबाइल वॉलेट के माध्यम से किया जा सकता है.

आयु सीमा की बात करें तो न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित की गई है, जबकि अधिकतम आयु पद के अनुसार 23 से 27 वर्ष तक रखी गई है. आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को नियमानुसार आयु में छूट भी प्रदान की जाएगी.

शैक्षणिक योग्यता के अनुसार अभ्यर्थियों का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं (इंटरमीडिएट) उत्तीर्ण होना आवश्यक है. हालांकि उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करने से पहले आधिकारिक अधिसूचना को ध्यानपूर्वक पढ़ लें.

चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा, ट्रेड या कौशल परीक्षण, शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी), शारीरिक मानक परीक्षण (पीएसटी), चिकित्सकीय परीक्षण और दस्तावेज सत्यापन शामिल हैं.